Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to shut down illegal mica mines in Bihar and Jharkhand-Laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): माननीय अध्यक्ष महोदय बिहार तथा झारखंड राज्य में अवैध खनन एक समस्या रही है। ये खदानें मौत के कुएं के समान हो गयी है जिससे दबकर प्रतिवर्ष 240 मौतें होती है यानि 20 मौतें प्रतिमाह। इन खदानों में करीब 22,000 बच्चे महज 20 से 30 रुपए प्रतिदिन प्राप्ति के लिए कार्य करते हैं। करीब-करीब 70 प्रतिशत अभ्रक का उत्पादन देश भर में इन्हीं खदानों से होता है जो unregulated (अनियमित) तथा अवैध है। इस कारण माइका माफिया ने एक गठजोड़ कायम कर रखा है जिसके माध्यम से गरीब परिवार के बच्चों का दोहन एंव शोषण करने का कार्य किया जा रहा है क्योंकि उनके पास जीविकोपार्जन का कोई वैकल्पिक साधन नहीं हैं। The Ministry of Mines भारत सरकार ने एक Monitoring System, Surveillance के लिए develop किया और राज्य सरकारों को भी ऐसा ही करने का निर्देश दिया परंतु धरातल पर आज तक कुछ ऐसा किया गया दिखता नहीं है।

ऐसी परिस्थिति में मेरा आपसे अनुरोध है की माननीय मंत्री खनन मंत्रालय को इस स्थिति से निबटने के लिए समुचित आदेश देने की कृपा करें। माइका माइन्स को regulate करने और अवैध खनन को बंद करने की आवश्यकता है।